क्या वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चाय उद्योग से सम्बन्धित बरूआ समिति की क्या मुख्य सिफारिशें हैं ;

(ख) सरकार ने उन पर क्या निर्णय लिया है ; और

(ग) उन्हें कार्यान्वित करने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मंत्रालय में उप मंत्री (श्री चौधरी राम सेवक) : (क) से (ग). चाय उद्योग के सम्बन्ध में बरूआ समिति द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार चल रहा है। समिति के प्रतिवेदन और सिफारिशों पर सरकार के विनिश्चयों की यथाशीघ्र जानकारी दी जायेगी।

राष्ट्रीय प्रतिरक्षा अकादमी के विद्यार्थियों को डिग्रियां देने के बारे में महाजन समिति की सिफारिशें

1429. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री सूरजभान :

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय प्रतिरक्षा अकादमी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को स्नातक डिग्रियां देने के बारे में महाजन समिति का प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) से (ग). राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के सिलेबस में संशोधन करने वाली कमेटी ने डा० जी० एस० महाजन की अध्यक्षता में अपना काम सम्पूर्ण कर लिया है, और उसकी रिपोर्ट अगस्त 1969 में प्राप्य होना प्रत्याशित है।

अनुसूचित आदिम जाति अनुसंधान संस्थाएं

1430. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री बृज भूषण लाल :
श्री राम गोपाल शालवाले :
श्री सूरज भान :
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने अनुसूचित आदिम जाति अनुसंधान संस्थाओं के कृत्यों और कार्यसंचालन की जांच के लिए एक अध्ययन दल गठित किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी) : (क) और (ख). अनुसूचित आदिम जाति अनुसंधान संस्थाओं के कार्यों के अध्ययन के लिए, योजना आयोग द्वारा एक अध्ययन दल का गठन किया जा रहा है।

Political Asylum for Dalai Lama's Representative Expelled from Nepal

1431. SHRI K. M. KOUSHIK :
SHRI RAM CHARAN t
SHRI D. AMAT ;